मीडिया विज्ञप्ति

ईडीआईआई ने 'छात्र उद्यमिता नीति' के क्रियान्वयन के लिए गुजरात सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

• नीति के अंग के रूप में, कॉलेज के छात्रों को 40,000/- रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी

• प्रारंभिक चरण में लगभग 500 नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे और 2,000 छात्रों को नीति से लाभ होगा

अहमदाबाद, **29 नवंबर**, **2023:** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने 'छात्र उद्यमिता नीति' के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए गुजरात सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते पर हस्ताक्षर गुजरात सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, मंत्री, श्री ऋषिकेश पटेल, श्री मुकेश कुमार, प्रधान सचिव उच्च)एवं तकनीकी शिक्षा विभाग), गुजरात सरकार; श्री परिमल पंड्या, उच्च शिक्षा के निदेशक, गुजरात सरकार और डॉ . सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई की उपस्थिति में हुआ।

यह नीति छात्रों को अपने नवोन्मेषी विचारों और कौशल को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी और उन्हें भविष्य के उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करेगी।

गुजरात सरकार द्वारा परिकल्पित छात्र उद्यमिता नीति का उद्देश्य है, सरकारी और गैर-सरकारी कला, विज्ञान, वाणिज्य, बी.एड., लॉ कॉलेजों और ग्राम्य विद्यापीठ में पढ़ने वाले छात्रों के बीच शिक्षा के साथ-साथ उद्यमिता को बढ़ावा देना और विकसित करना।

ईडीआईआई विशेषज्ञों (उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संकाय सलाहकार) का एक कैडर तैयार कर, छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाओं के आयोजन के ज़रिये उन्हें अपने उद्यम स्थापित करने के लिए प्रशिक्षित कर इस नीति को लागू करेगा।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. EDII operates across the country through its seven regional offices and PAN India project offices.

It has international affiliates in Cambodia, Laos, Myanmar Vietnam, Uzbekistan and Rwanda. For more information visit: www.ediindia.org

<u>For more information, contact:</u>

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987